हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 19 सितंबर 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 25. 0 डिग्री

हर सृजन तभी सार्थक होता है, जब उसमें सुरक्षा, देखभाल और जिम्मेदारी जुड़ी हो : राजेश

2



## खबर संक्षेप

### आईटीआई में प्रवेश के लिए काउंसलिंग का शेड्यूल जारी

**हसौद।** शासकीय आई टी आई हसौद मे राज्य व्यावसायिक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं आई टी आई में प्रवेश के लिए सातवें और आठवें चरण की काउंसलिंग का शेड्यूल जारी कर दिया गया है आई टी आई हसौद जिला सक्ती में रिक्त सीट कोपा फिटर विद्युतकार वेल्डर ट्रेड के आंनलाइन पंजीयन 21 सितंबर तक रात्रि 11.बजकर 59 मिनट तक फार्म भरे जा सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी वेबसाइट सीजीआईटीआई एडमिशन्स. एनआईसी.इन में आंनलाइन आवेदन कर सकते हैं। साथ ही अधिक जानकारी के लिए संस्था प्रमुख जे एस राज, प्रवेश प्रभारी दौलत साहू एवं पुष्पेन्द्र चन्द्रा अंगद कश्यप से सम्पर्क कर सकते हैं।

### आकस्मिक मृत्यु के प्रकरण में 4 लाख रुपए सहायता राशि स्वीकृत

**सक्ती।** प्राकृतिक आपदा से होने वाली क्षति के लिए शासन द्वारा दी जाने वाली आर्थिक सहायता अनुदान के लिए निर्धारित मापदंडों तथा दरों के तहत चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृति दी गई है। इस संबंध में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार सक्ती जिले के तहसील सक्ती अंतर्गत ग्राम पतेरापाली कला निवासी मृतक स्व. श्रीमती गडाईन बाई का तालाब के पानी में डूबने के कारण मृत्यु होने पर उनके निकटतम वारिस मृतक के पति बुध राम गोंड पिता निर्मल सिंह को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार लाख रूपये भुगतान किए जाने की स्वीकृति निर्धारित शर्तों के अधीन प्रदान की गई है।

पामगढ़ विधायक ने ए आई एडिटेड बताते हुए करार दिया बदनाम करने की साजिश

# रेत के अवैध कारोबार के लिए दस लाख की सौदेबाजी का ऑडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पामगढ़ विधानसभा की कांग्रेसी विधायक शेषराज हरवंश का एक ऑडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल ऑडियो से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। ऑडियो में विधायक और रेत के अवैध कारोबार करने वाले के बीच बातचीत की बताई जा रही है, जिसमे क्षेत्र के महानदी मे रेत उत्खनन के लिए सौदा चल रहा है। ऑडियो में एस डी एम और कलेक्टर तक का नाम भी लिया जा रहा है। इस आडियो के वायरल होने के बाद विधायक शेष राज हरबंश ने प्रेस वार्ता ली और आडियो को अपना होने से इंकार किया। विधायक ने इसे एआई द्वारा एडिट कर बदनाम करने की साजिश करार दिया।

जांजगीर चाम्पा जिला में रेत माफियाओ का कारोबार लंबे समय से फल फूल रहा है। अवैध रेत के कारोबार को राजनितिक संरक्षण मिलने के आरोप भी लगते रहे है। अब पामगढ़ क्षेत्र की कांग्रेस विधायक शेष राज हरवंश के एक साथ 6 आडियो क्लिप वायरल हुए है। वायरल आडियोमें रेत के अवैध कारोबार से अपने लिए, कलेक्टर के लिए और एस डी एम के लिए 10 लाख की मांग की जा रही है। इस आडियो मे रेत के अवैध कारोबार करने वालों ने विधायक से संरक्षण की मांग की। एक आडियो मे रेत के अवैध रेत उत्खनन करते हुए पकडे जाने पर उसे छुड़वाने के लिए भी लेन देन की चर्चा है। विधायक शेष राज हरवंश ने वायरल ऑडियो को लेकर प्रेस वार्ता करते हुए अपना पक्ष रखा। विधायक ने केवल एक ऑडियो को अपना बताया, जिसमे रोशन नाम के शख्स से दिसंबर 2024 में जब्त की गई मशीन को छुड़ाने के लिए चालान को लेकर बात की गई। इसके आलावा अन्य ऑडियो को विद्यायक ने ए आई जनरेट एडिटेड करार दिया। विधायक ने इसे उनको बदनाम करने की साजिश बताया। साथ ही कहा कि भू माफियाओ का अवैध कारोबार रुकवाने पर षणयंत्रपूर्वक दबाव बनाने इस तरह का हथकंडा अपनाया जा रहा है। विधायक ने इस पूरे मामले में एफ आई आर कराने की बात भी कही है।



पत्रकारों से चर्चा करती पामगढ़ विधायक शेषराज हरवंश।

### विधायक ने लगाया पार्टी के लोगों के भी शामिल होने का आरोप

इस पूरे मामले में विधायक शेष राज हरबंश ने उनको बदनाम करने के लिए कांग्रेस और भाजपा के कई पदाधिकारियों के शामिल होने का आरोप लगाया। विधायक कहा कि जब से चुनाव मे उनका नाम प्रत्याशी के लिए प्रस्तावित हुआ, तभी से हराने के लिए कांग्रेसी जुटे रहे। विधायक बनने के बाद से उनके पीछे बीजेपी और कांग्रेस के कुछ लोग बदनाम करने जुटे है। विधायक ने कुछ लोगों के नाम बताए। अपने ही पार्टी के लोगो द्वारा बीजेपी पदाधिकारियों के साथ मिल कर बदनाम करने के लिए जिस तरह का षड्यंत्र किया गया है, उसकी शिकायत पार्टी मे भी करने का दावा किया। साथ ही वायरल आडियो की सच्चाई सामने लाने परीक्षण के लिए पुलिस मे भी शिकायत करने की बात कही।

### सीएमएचओ ने पीएचसी व सीएचसी का किया निरीक्षण

**मालखरौदा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने मालखरौदा के सामुदायिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। अस्पताल परिसर के प्रत्येक कक्षों में जाकर मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में पूछताछ किया। ज्ञात हो कि सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र मालखरौदा का सीएमएचओ डॉ. पूजा अग्रवाल ने गुरुवार 18 सितंबर को औचक निरीक्षण किया। वही उन्होंने ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे आमजनों को मिलने वाली चिकित्सा सुविधाओं का जायजा लिया तो गंभीर और आकस्मिक चिकित्सा के लिए दिए जा रहे उपचार सेवाओं के ब्यवस्थाओ के बारे में विकासखंड चिकित्सा अधिकारी से जानकारी लिया तो शासन द्वारा चल रही स्वास्थ्य सेवाएं का बारीकी से अवलोकन किया। अस्पताल परिसर के प्रत्येक कक्षों में जा कर मरिजो को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे मे पूछताछ किया इसके अलावा प्रधानमंत्री द्वारा संचालित स्वास्थ्य नारी सशक्त परिवार में अस्पताल में आ रहे गर्भवती माताओ का एनीमिया हीमोग्लोबिन जांच कर युविंन पोर्टल मे शत प्रतिशत एंट्री करने हेतु निर्देशित किया। इसके बाद उप स्वास्थ्य केंद्र पोता तथा मालखारौदा का औचक निरीक्षण कर प्रत्येक स्वस्थ के केन्द्रो मे शत प्रतिशत संस्थागत प्रसव कराने हेतु निर्देशित किया। उक्त निरीक्षण के दौरान सुश्री कीर्ति बड़ा जिला कार्यक्रम प्रबंधक, सलमान खान डीपीसी, मृत्युंजय राठौर खण्ड चिकित्सा अधिकारी मालखारौदा, थानेश्वर पटेल बीपीएम, बी एल सोन सेक्टर पर्यवेक्षक सहित सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# 17 सुत्रीय मांगों को लेकर भूविस्थापितों ने शुरु किया अनिश्चित कालीन धरना

पांच गांव के किसानों के आंदोलन में चंद्रपुर विधायक भी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-डभरा

स्थाई नौकरी समेत 17 सूत्रीय मांगों को लेकर भूविस्थापितों ने गुरुवार से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन प्रारंभ कर दिया। पांच गांव के भू विस्थापित किसानों ने वेदांता प्लांट मुख्य गेट के पास अनिश्चित कालिन धरना प्रदर्शन पर बैठ गए। धरना स्थल पहुंचकर चंद्रपुर विधायक ने आंदोलन को समर्थन दिया।

गौरतलब है कि सक्ती जिले के अंतर्गत आने वाले जनपद पंचायत डभरा क्षेत्र के ग्राम सिंघीतराई में वेदांता ग्रुप के प्लांट का संचालन किया जा रहा है। यहां उद्योग संचालन को लेकर जमीन देने वाले 5 गांवों के सैकड़ो भूविस्थापित लोगो के द्वारा प्लांट में स्थाई नौकरी देने, हर महीने भत्ता देने सहित अन्य 17 सूत्रीय मांगों को लेकर गुरूवार 18 सितम्बर को सिंघीतराई स्थित प्लांट मुख्य गेट के पास सुबह 7 बजे से प्रदर्शन एवं नारेबाजी शुरू कर दी गई। सिंघीतराई, निमोही,ओडेकेरा, पर्थरापाली, बेनीपाली गांव के सैकडो भूविस्थापित ग्रामीणों ने सक्ती रायगढ मार्ग पर अनिश्चित कालिन प्रदर्शन कर दिया, जिसके कारण मार्ग पर लोगों की आवाजाही प्रभावित हुई। धरना प्रदर्शन में शामिल होने के लिए चंद्रपुर क्षेत्र के विधायक रामकुमार यादव, जिला पंचायत सदस्य सरोज डनसेना भी मौके पर पहुंची। इधर धरना प्रदर्शन में विधायक के शामिल होने के साथ साथ आक्रोशित ग्रामिणो के प्रदर्शन को देखते हुए मालखरौदा एसडीएम रूपेन्द्र पटेल, डभरा एसडीओपी अंजली गुप्ता, तहसीलदार संजय मिंज, नायब तहसीलदार आशिष पटेल, थाना प्रभारी के के महतो एवं फगुरम चौकी प्रभारी सूरज तिवारी, भी मौके पर पहुंचे। इस दौरान अधिकारियो के द्वारा भूविस्थापित किसान एवं ग्रामीणों को आंदोलन नहीं करने की चेतावनी देते रहे। लेकिन भूविस्थापित लोगो के द्वारा अपनी मांगो को लेकर आंदोलन पर डटे रहे। उदयोग प्रबंधन एवं भूविस्थापितो के बीच हुई कहासूनी आंदोलन कर रहे भूविस्थापितों को अपनी बाते रखने के लिए कारखाना प्रबंधन के द्वारा बातचीत के लिए बुलाया गया। इस बीच प्रबंधन एवं लोगों के बीच स्थाई नौकरी देने की बात सहित अन्य प्रमुख मांगो को लेकर काफी कहासूनी हुई। वही बातचीत आगे नही बढ़ पाई। बताया जा रहा है कि उनका अनिश्चित कालिन आंदोलन जारी रहा। इसके पूर्व भूविस्थापितों के द्वारा अपनी मांगो को लेकर उद्योग प्रबंधन को कई बार अवगत कराया जा चुका था, लेकिन जब बात नहीं बनी तो लोगो ने गुरूवार को प्रदर्शन किया।



भूविस्थापितों के साथ आंदोलन पर बैठे विधायक रामकुमार यादव।

### 18 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ दो आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अकलतरा।** अवैध महुआ शराब का विक्रय कर रहे एक आरोपी को कोटमीसोना से एवं एक महिला आरोपी को ग्राम बरगवां से अकलतरा पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पुलिस द्वारा रेड कार्यवाही कर आरोपी अमरनाथ केवट उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम कोटमी सोनार के कब्जे से 12 लीटर कच्ची महुआ शराब एवं शिव कुमारी भारद्वाज उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम बरगवां के कब्जे से 6 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब जब्त किया गया। दोनों आरोपियों को आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।





# उन्नी निभाएंगे पीएम मोदी की बायोपिक में अहम भूमिका

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर उनकी एक और बायोपिक का ऐलान हो गया है। इस फिल्म में साउथ अभिनेता उन्नी मुकुंदन पीएम मोदी का किरदार निभाएंगे। निर्माताओं ने फिल्म का पहला पोस्टर जारी करते हुए टाइटल की घोषणा कर दी है। फिल्म का टाइटल 'मां वंदे' होगा। इस फिल्म का पहला पोस्ट आकर्षित करने वाला है, जिसमें पीएम मोदी का किरदार हस्ताक्षर करते हुए दिखाई दे रहा है। हालांकि, अभी पूरा लुक आना बाकी है। फिल्म में पीएम मोदी के बचपन से लेकर नेता बनने तक के सफर को दिखाया जाएगा, जिसमें उनकी मां हीराबेन मोदी के साथ उनके संबंधों पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा।

लाइफ Style

# दिव्या

## फिलर्स और बोटॉक्स में नहीं करती विश्वास

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म इंडस्ट्री चकाचौंध से भरी दुनिया, जहां आपका चमकना भी जरूरी है। सिर्फ काम के लिए नहीं, बल्कि अपने लुक्स को लेकर भी। एक्टर्स के बीच बोटॉक्स, फिलर्स, फेसलिफ्ट और अन्य कॉस्मेटिक प्रोसेस तेजी से आम होता रहा है। इस पर अक्सर बहस भी होती है।

पहले की तुलना में अब स्टार्स जनता की नजरों में ज्यादा रहते हैं। छोटी से छोटी बात का भी बतंगड़ बनने में देर नहीं लगती है। उम्र से लेकर फिटनेस तक को लेकर ट्रोल किया जाता है। पर राजकुमार राव और खुशी कपूर जैसे कई स्टार्स हैं, जिन्होंने खुले तौर पर स्वीकार किया है कि उन्होंने एस्थेटिक ट्रीटमेंट्स करवाए हैं। दिव्या खोसला ने सर्जरी करवाने वालों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, 'आजकल सभी के चेहरे लगभग एक जैसे दिखते हैं। मुंबई में डॉक्टर के पास जाने वाले लोग एक खास तरह के दिखते हैं और दुबई में डॉक्टर के पास जाने वाले लोग भी एक खास तरह के दिखते हैं। किसी का चेहरा देखकर ही आप बता सकते हो कि वो किस डॉक्टर के पास गया था। आपको पता चल जाता है कि वो शहर के किस हिस्से में किस क्लिनिक में किस डॉक्टर के पास गया था।' दिव्या को हमेशा नैचुरल रहना ही पसंद है और इसका क्रेडिट वो अपनी मां को देती हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि नैचुरल ब्युटी और जिस तरह से आपकी परवरिश हुई है, उससे बढ़कर कुछ नहीं है। मैं बाहरी फिलर्स और बोटॉक्स में विश्वास नहीं करती हूं। जैसे ही आप यंग होते हैं, बहुत सी लड़कियां सबसे पहले यही करना शुरू कर देती हैं।



हॉलीवुड मसाला



# दमदार अभिनय ने बनाया चहेता

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता, ऑस्कर विजेता निर्देशक रॉबर्ट रेडफोर्ड का 89 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। साल 1960 के दशक में फिल्मों में कदम रखने वाले रॉबर्ट रेडफोर्ड ने जल्द ही खुद को हॉलीवुड के सबसे आकर्षक और प्रतिभाशाली अभिनेताओं में स्थापित कर लिया। उनके सुनहरे बाल, मासूम मुस्कान और दमदार अभिनय ने उन्हें दर्शकों का चहेता बना दिया। बुच कैसिडी एंड द सनडांस किड और ऑल द प्रेसीडेंट्स मेन जैसी फिल्मों ने उन्हें एक नई ऊंचाई पर पहुंचा दिया। 1970 के दशक तक वे हॉलीवुड के सबसे बड़े सितारों में शुमार हो गए।



# म्यूजिक बैंड एट द गेट्स से जुड़े थे टॉमस लिंडबर्ग

**लॉस एंजिल्स।** स्वीडिश डेथ मेटल बैंड 'एट द गेट्स' की शक्तिशाली आवाज टॉमस लिंडबर्ग का 52 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। साल 2023 में लिंडबर्ग ने खुलासा किया कि उन्हें खास तरह के कैंसर के बारे में पता चला। यह कैंसर ग्रंथियों को प्रभावित करने वाला एक दुर्लभ प्रकार का कैंसर है। इस साल मार्च में एक निजी बयान में उन्होंने बताया कि उनके मुंह के एक हिस्से को हटाने के लिए एक बड़ी सर्जरी की गई। इसके बाद इलाज के नाम पर दो महीने तक रेडिएशन थेरेपी दी गई। उन्होंने स्वीकार किया कि उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं था। 2025 की शुरुआत तक, डॉक्टरों को ऐसी कैंसर कोशिकाएं मिल गईं जिन तक सर्जरी या विकिरण से नहीं पहुंचा जा सकता था। उन्होंने उस समय लिखा था 'तो हम देखेंगे कि अगला कदम क्या होगा।



# कॉकटेल-2 के सेट से सामने आया लुक

**मुंबई।** साल 2012 में आई फिल्म कॉकटेल को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। दीपिका पादुकोण का बिंदास 'वेरोनिका' का किरदार, डायना पेंटी मासूम मीरा के रोल में और सैफ अली खान गौतल के किरदार में नजर आए थे। अब एक दशक से ज्यादा समय बाद डायरेक्टर होमी अदजानिया उसी जादू को दोहराने लौट रहे हैं अपनी नई फिल्म कॉकटेल 2 के साथ। इस फिल्म के सेट से निर्देशक ने कुछ बीटीएस तस्वीरें शेयर की हैं। साथ ही सेट से और भी कई फोटोज और वीडियोज लीक हो रहे हैं। एक तस्वीर में कृति सेनन को ब्लैक आउटफिट में देखा गया, जहां उनका लुक काफी बोल्ड और कॉन्फिडेंट नजर आया। दूसरी ओर रश्मिका मंदाना जिम लुक में कैमरे में कैद हुईं। कृति और रश्मिका की तस्वीरों को शेयर करते हुए डायरेक्टर ने लिखा- 'शूट लाइफ।




# दोस्ती और संघर्ष की अनकही दास्तान

**मुंबई।** हाल ही में कई बड़े अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल्स में दिखाई जा चुकी फिल्म 'होमबाउंड' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। फिल्म में ईशान खट्टर, विशाल जेठवा और जाह्नवी कपूर मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। धर्मा प्रोडक्शन्स ने सोशल मीडिया पर फिल्म का ट्रेलर जारी किया। ट्रेलर साझा करते हुए प्रोडक्शन हाउस ने लिखा - 'हमारे दिल का टुकड़ा आपके दिल में घर बनाए, पेश है होमबाउंड का ऑफिशियल ट्रेलर। 26 सितंबर से सिनेमाघरों में।' ट्रेलर में ईशान खट्टर और विशाल जेठवा को बचपन के दोस्त के रूप में दिखाया गया है। दोनों का सपना है पुलिस अधिकारी बनना और इसके लिए वो मेहनत भी करते हैं। ईशान फिल्म में मोहम्मद शोएब का किरदार निभा रहे हैं, वहीं विशाल चंदन कुमार के रोल में हैं। इन दोनों दोस्तों के सपने और उनकी जद्दोजहद कहानी को आगे लेकर जाते हैं।

टीवी मसाला



# ओटीटी पर राज कर रहे हैं रिएलिटी से लेकर कॉमेडी शोज

**नई दिल्ली।** ओटीटी का जिक्र आने पर जेहन में सबसे पहले आती हैं उनकी ऐजी, ओवर द टॉप वेब सीरीज, जिन्हें वीकेंड पर बिंज वॉच किया जा सके, लेकिन पिछले कुछ समय से मनोरंजन के इस नए माध्यम पर रिएलिटी शोज का दबदबा भी नजर आ रहा है। हाल के दिनों में अलग-अलग ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर नए-नए फॉर्मेट वाले कई रिएलिटी शोज आए हैं, जिन्हें पसंद भी किया जा रहा है। ओटीटी के इन विविधरंगी रिएलिटी शोज में दर्शकों के लिए ड्रामा, ऐक्शन, कॉमिडी सब मौजूद हैं। मसलन, जियो स्टार पर मिस्टर फैसू और शेफाली बग्गा की होस्टिंग वाले रोमांस बेस्ड रिएलिटी शो लवेंचर और एल्विश यादव के स्टंट और एडवेंचर वाले रिएलिटी शो अड्डा एक्स्ट्रा बैटल से लेकर मुनव्वर फारूकी का द सोसायटी और निश्चय मल्हान का द ट्रेजर हंटर्स जैसे शोज एक के बाद एक लॉन्च हुए हैं। इसके अलावा, चर्चित रिएलिटी शो 'बिग बॉस 19' भी टीवी से पहले इस ओटीटी प्लैटफॉर्म पर धूम मचा रहा है। इसी तरह, नेटफ्लिक्स ने 'फैबुलस लाइव्स ऑफ बॉलिवुड वाइव्स' और 'इंडियन मैच मेकिंग' जैसे हाई कॉन्टेंट वाले नॉन फिक्शन शोज से सुर्खियां बटोरी। इन दोनों ही शोज के तीन सीजन आ चुके हैं। इस प्लेटफॉर्म पर इस साल चर्चित रेसलिंग बेस्ड रिएलिटी शो डब्ल्यूडब्ल्यूई: इंटरनल का भी जलवा रहा। वहीं, टीवी के चहेते कपिल शर्मा भी अब यहीं कॉमेडी की बौछार कर रहे हैं। यहां 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के तीन सीजन आ चुके हैं। इसी तरह प्राइम वीडियो पर भी कॉमिडी सर्कस की याद दिलाते कॉमिकस्तान के तीन सीजन आ चुके हैं।

## बच्चों और परिवार में व्यस्त हैं दयाबेन

**नई दिल्ली।** तारक मेहता का उल्टा चश्मा टीवी का वो शो हैं, जो सालों से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। साल 2008 से शुरू हुआ ये वो शो है, जिसका हर किरदार लीड रोल निभाता है। शो में टप्पू के पापा से लेकर डॉक्टर हाथी तक अपने मजेदार अंदाज से लोगों के चेहरों पर मुस्कान लाते हैं। शो में दयाबेन का आइकॉनिक किरदार निभाने वालीं दिशा वकानी 2018 से पर्दे से दूर हैं। इस शो ने हाल ही में 4500 एपिसोड पूरे किए और आज भी टीआरपी चार्ट्स में अपनी मजबूत पकड़ बनाए हुए है। हाल ही में, दिशा के ऑन-स्क्रीन और रियल भाई, मयूर वकानी यानी 'सुंदर' ने उनके शो में वापस न लौटने के कारण बताया। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया कि दिशा अब शो में वापसी नहीं करेंगी, क्योंकि वह इस समय अपने बच्चों और परिवार में व्यस्त हैं। दिशा ने दयाबेन के किरदार में मेहनत और सच्चाई डाली, इसलिए उन्हें इतना प्यार मिला। आज वह असल जिंदगी में मां का किरदार निभा रही हैं और पूरी ईमानदारी से उस जिम्मेदारी को निभा रही हैं।'



# सीन जिसके बाद कांपने लगे थे अमिताभ के पांव शूटिंग से पहले सेट पर किया था यह काम...

*नई दिल्ली। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन की साल 1975 में आई फिल्म 'दीवार' ब्लॉकबस्टर हिट रही थी। सलीम-जावेद की लिखी कहानी और यश चोपड़ा का निर्देशन बॉक्स ऑफिस पर ऐसा कमाल कर गया कि इसके डायलॉग से लेकर सीन्स तक आज भी लोगों को याद हैं। फिल्म में अमिताभ बच्चन ने विजय वर्मा का किरदार निभाया था। फिल्म का वो सीन तो आपको याद ही होगा जिसमें विजय पीटर और उसके गैंग की जमकर धुलाई करने के बाद दरवाजे से बाहर आता है।*

## सीन में असली थी अमिताभ की थकान

अमिताभ बच्चन ने इस सीन में गजब की एक्टिंग की थी। वह जिस तरह लड़खड़ाते हुए बाहर आए और फिर नल के नीचे अपना सिर लगा दिया वो काफी रियल था। आमतौर पर फिल्मों में जहां लड़ने के बाद हीरो चट्टान की तरह खड़ा रहता है, वहीं इस सीन में फाइट करने के बाद हीरो की थकान बहुत रियल थी। लेकिन, कम लोग जानते हैं कि यह थकान सिर्फ अमिताभ बच्चन की एक्टिंग नहीं थी, बल्कि वाकई यह सीन करने के लिए अमिताभ बच्चन ने खुद को इस हद तक थका लिया था कि उनके पांव कांपने लगे थे।



## सीन से पहले सेट पर किया था यह काम

अमिताभ बच्चन ने यह सीन रियल बनाने के लिए शूटिंग से पहले डॉक के चारों तरफ 10 बार तेजी से दौड़ लगाई ताकि सांसें उखड़ सकें और माथे पर पसीना और चेहरे पर थकान दिख सके। अमिताभ चाहते थे कि उनके हावभाव असली लगें। उन्हें एक्टिंग नहीं, बल्कि इस सीन में फीलिंग दिखानी थी। उन्होंने सीन से पहले खुद को इस हद तक थका लिया कि उनके पांव कांपने लगे थे और फिर जब वो दरवाजा खोलकर लड़खड़ाते हुए किसी योद्धा की तरह बाहर आए तो इस सीन पर खूब तालियां पड़ीं।

# इंग्लिश थी कमजोर, इसलिए ऐश्वर्या हार गईं थीं मिस इंडिया कांटेस्ट

**मुंबई।** 1994 भारत के लिए खास था। इसी साल एक्ट्रेस सुष्मिता सेन ने मिस यूनिवर्स का खिताब अपने नाम किया था और ऐश्वर्या राय बनीं थीं मिस वर्ल्ड। इस दौरान ऐसी भी खबरें थीं कि दोनों के बीच मिस इंडिया के कंटेस्टेंट के दौरान विवाद हुआ था। दरअसल, मिस इंडिया कांटेस्ट में शामिल होने से पहले ऐश्वर्या राय पहले ही बड़ी स्टार थीं। उन्होंने लैक्मे और पेप्सी जैसे ब्रांड के लिए विज्ञापन किए थे। ऐसे में सुष्मिता को लगता था कि मिस इंडिया कांटेस्ट करवाने वाले ऐश्वर्या को सपोर्ट कर रहे हैं। लेकिन, सुष्मिता ने ऐश्वर्या को हरा कर जीत हासिल की थी। अब फिल्ममेकर प्रह्लाद कक्कड़ ने ऐश्वर्या राय की हार की वजह उनकी कमजोर इंग्लिश को बताया है। प्रह्लाद कक्कड़ कहते हैं 'दोनों के बीच ऐसी कोई दुश्मनी नहीं थी। असलियत यह थी कि ऐश्वर्या ने अभी-अभी अपना कॅरियर शुरू किया था, वह अभी कच्ची थीं, जबकि सुष्मिता सेन कॉन्वेंट स्कूल से आने के कारण ज्यादा पॉलिश थीं। ऐश्वर्या राय के साथ ऐसा नहीं था। इसलिए जब अंग्रेजी में परफॉर्म करना होता है, तो जो लोग उस भाषा में अच्छे नहीं होते, उन्हें नुकसान होता है। यही वजह है कि सुष्मिता ने सवाल-जवाब के राउंड में बाजी मार ली। प्रह्लाद ने आगे कहा, 'मुझे याद है कि मैं चेंजिंग रूम में घुस गया था और सुष्मिता एक कोने में रो रही थी। मैंने उससे पूछा, क्या प्रॉब्लम है? उसने कहा, सब फिक्स है। मैं कभी नहीं जीतूंगी।' मैंने कहा क्या तुम बेवकूफ हो? जूरी को देखो। तुम्हें लगता है कि उन्हें कोई भी फिक्स कर देगा? बेवकूफ मत बनो।



## लेखनी का दिखाया कमाल, लिखे 2000 से अधिक गाने

# राज कपूर का मिला साथ और हसरत बन गए गीतकार

*नई दिल्ली। हसरत जयपुरी को लेखनी के जादूगर कहने में कोई शक नहीं होना चाहिए, क्योंकि उन्होंने ऐसे गाने लिखे जो आज की पीढ़ी भी गुनगुनाती नजर आती है। बचपन में शेरों-शायरियों का शौक रखने के कारण हसरत को घर से निकाल दिया गया था। लेकिन, गीतकार 'बदन पे सितारे लपेटे हुए' मायानगरी पहुंचे और उन्हें मिली ऐसी पहचान कि हर निर्माता अपने फिल्मों में उनके गानें शामिल करना चाहता था। राज कपूर से लेकर यश चोपड़ा तक की कई फिल्मों में उन्होंने अपनी लेखनी का कमाल दिखाया और शानदार गाने दिए थे।*



### नाना 'फिदा' से सीखे लिखने के गुर

हसरत जयपुरी का जन्म 15 अप्रैल 1922 को जयपुर (राजस्थान) में हुआ था। उनके बचपन का नाम इकबाल हुसैन था। पढ़ाई के दिनों से ही उन्हें उर्दू शायरी और कविताओं से गहरा लगाव था। कम उम्र से गजलें और शायरी लिखना उनकी आदत बन गई थी। हसरत के नाना फिदा हुसैन कवि थे, उन्हीं को देख हसरत को लिखने और शायरियों को शौक हुआ।

### जब शेरों-शायरी का शौक देख मां ने घर से निकाला

हसरत जयपुरी के पिता फौज में थे उनका नाम नाजिम हुसैन था और उनकी मां फिरदौसी बेगम थी। गीतकार की मां को उनकी शेरों-शायरी बिल्कुल पसंद नहीं थी, लेकिन हसरत भी कहां मानने वाले थे। इसके बाद उनकी मां ने फैसला किया कि अगर उन्हें शायरी करनी है, तो घर से निकल जाएं। फिर क्या अपने सपनों की जद्दोजहद में हसरत बोरिया-बिस्तर लेकर मुंबई के मायानगरी में अपना नाम बनाने निकल पड़े।

### बस कंडक्टर की नौकरी की

मुंबई आने के बाद हसरत ने जीवन के असली संघर्ष किए। कुछ पैसे कमाने के लिए उन्हें दर-दर भटकना पड़ा और कभी-कभी तो वो बिना खाए फुटपाथ पर सो जाते थे। इसके बाद हसरत ने बस कंडक्टर की नौकरी शुरू कर दी। साथ ही वह मुशायरों, कविता पाठ के सम्मेलन में भी सम्मिलित होने लगे और उसमें अपनी कला को दिखाते थे। इसी दौरान उनपर एक दिग्गज अभिनेता पृथ्वीराज कपूर की नजर पड़ी और उन्होंने हसरत जयपुरी के बारे में अपने बेटे राज कपूर को बताया।

### इन गानों से पहचाने जाते हैं हसरत जयपुरी

- जिया बेकरार है - बरसात
- जिंदगी एक सफर है- अंदाज
- तेर ख्यालों में हम - गीत गाया पत्थरों ने
- एहसान तेरा होगा मुझ पर- जंगली
- तुम मुझे यूं भुला ना पाओगे - पगला कहीं का
- अजी रूठ कर अब कहां जाएगा - आरजू
- दुनिया बनानेवाले- तीसरी कसम
- सुन साहिबा सुन - राम तेरी गंगा मैली
- ये मेरा प्रेम पत्र पढ़कर - संगम
- सयोनारा सयोनारा - लव इन टोक्यो
- बदन पे सितारे लपेटे हुए - प्रिंस
- मोहब्बत में हमको ना इतना सताओ – प्रोफेसर

### बरसात से चमकी किस्मत

राजकपूर उन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'बरसात' की तैयारी में लगे हुए थे। इस फिल्म के लिए गीत लिखने लिए उन्होंने हसरत जयपुरी को कहा। फिर क्या गीतकार ने लिखा, 'जिया बेकरार है छाई बहार है'। यह गाना काफी पसंद किया गया था और इसने उन्हें काफी पहचान दिलाई। इसके बाद गीतकार ने कई गीतों को अमर कर दिया।

**मिले दो फिल्म फेयर अवॉर्ड** : इकबाल हुसैन उर्फ हसरत जयपुरी साहब आज भले ही हमारे बीच नहीं हैं। लेकिन, उनके लिखे गीत, आज भी लाखों-करोड़ों आशिकों के इश्क की जुबान बन रहे हैं। साल 1999 में हसरत साहब का निधन हो गया। अपने फिल्मी कॅरियर में हसरत साहब हो दो बार फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला। पहला, साल 1966 में फिल्म सूरज के गाने 'बहारों फूल बरसाओ' के लिए और दूसरा, साल 1971 में अंदाज फिल्म के गाने 'जिंदगी एक सफर है सुहाना' के लिए। उनके दो बेटे अख्तर और आसिफ जयपुरी हैं। इसके अलावा एक बेटी भी है किश्वर जयपुरी। हसरत जयपुरी ने अपने कॅरियर में 2000 से अधिक गानें लिखे।

## खबर संक्षेप

### दृष्टि बाधित आवासीय विद्यालय सक्ती का किया दौरा, बच्चों को बांटी विभिन्न सामग्री



**चांपा।** बीबी फातिमा ह्यूमैनिटी फाउंडेशन की दस सदस्यीय टीम विशेष दृष्टि बाधित आवासीय विद्यालय सक्ती का दौरा किया। टीम ने बच्चों के साथ समय बीताते हुए उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप विभिन्न सामग्री भेंट की। संस्था की ओर से बच्चियों के लिए वस्त्र, ट्रंक, सैनेटरी आइटम्स तथा पानी की बोतलें फल मिठाईयां चॉकलेट प्रदान की गईं। बच्चों ने आगंतुकों का स्वागत गीत से अभिनंदन किया और अपनी बातों से सभी को भावविभोर कर दिया। फाउंडेशन के सदस्यों ने बताया कि बच्चों की पढ़ाई और ज्ञानवर्धन को ध्यान में रखते हुए संस्था ने उनके विषयों पर आधारित ऑडियो बुक उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी भी ली है। बीबी फातिमा ह्यूमैनिटी फाउंडेशन ने आगे भी इस प्रकार की सामाजिक व मानवीय गतिविधियों को निरंतर जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया। संस्था के द्वारा दृष्टिबाधित बच्चों में से दो बच्चों की पढ़ाई का खर्च का वहन संस्था करेगी।

### पीएचसी पोंडी दल्हा मे मरीजों को किया गया फल वितरण



**अकलतरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वे जन्म दिवस के अवसर पर प्रायमरी हेल्थ सेंटर पोंडी दलहा में जनपद अध्यक्ष श्रीमती शकुन देवअघरिया , जनपत सदस्य शानू सिंह चंदेल व ग्रामीण चिकित्सा सहायक श्रीमती शारदा साहू द्वारा अस्पताल में आये हुए मरीजो को फल वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान जनपद अध्यक्ष के द्वारा स्वस्थ नारी सशक्तिकरण परिवार योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्रायमरी हेल्थ सेंटर पोंडी दल्हा के स्टाफ श्रीमती संतोषी आजाद ,मातेश्वरी कुर्रे ,जागृति लहरे , प्रीतेश सिंह चंदेल व ग्रामवासी कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## निधन

### शांति देवी सिंघानिया

**चांपा।** स्थानीय अग्रवाल समाज के वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित नागरिक सदर बाजार निवासी स्व.



नथमल सिंघानिया की धर्मपत्नी श्रीमती शांति देवी सिंघानिया का बुधवार 17 सितंबर को निवास पर निधन हो गया। वे 93 वर्ष की थी। स्व. श्रीमती सिंघानिया अपने पीछे दो पुत्रों एवं एक पुत्री समेत भरा-पूरा परिवार छोड़ गयी है। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार 18 सितंबर को पूर्वान्ह 11.30 बजे हसदेव नदी के पश्चिमी तट पर ग्राम लछनपुर स्थित मारवाड़ी मुक्तिधाम में किया गया जहां बड़ी संख्या में परिजन, सजातीय बंधुओं सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे। मुखाग्नि ज्येष्ठ पुत्र पवन सिंघानिया ने दी।

### शकुनतला देवी गुरूदवान

**अकलतरा।** ग्राम चंगोरी के प्रतिष्ठित नागरिक



उमाशंकर गुरुदवान की पत्नी श्रीमती शकुंतला देवी का 78 वर्ष कीं आयु में 17 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में परिजन एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

### राजेंद्र प्रसाद शर्मा

**बिर्रा।** ग्राम पंचायत किकिरदा के प्रतिष्ठित नागरिक



पंडित राजा महराज उर्फ राजेंद्र प्रसाद शर्मा का गुरुवार 18 सितंबर को निधन हो गया। वे 73 वर्ष के थे। मुखाग्नि उनका पोता अंशुमान शर्मा ने दी। वे पंडित विजय कुमार शर्मा के पिता थे।

### अधिकारी-कर्मचारियों एवं नागरिकों ने बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल को अर्पित की पुष्पांजलि

# हर वर्ग की बेहतरी के लिए बैरिस्टर साहब ने किया कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं संविधान निर्मात्री सभा के पूर्णकालिक सदस्य बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल की पुण्य स्मृति में दो दिवसीय स्मृति समारोह का सी-मार्ट

- दो दिवसीय बैरिस्टर स्मृति समारोह का शुभारंभ, अतिथियों ने विभिन्न विभागों के स्टॉल का किया निरीक्षण
- विभिन्न विधाओं में प्रतिभा के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों, खिलाड़ियों और नागरिकों को किया गया सम्मानित

परिसर (कचहरी चौक) जांजगीर एवं कृषि विज्ञान केन्द्र जर्वे (च) में आयोजन किया जा रहा है।

गुरुवार 18 सितंबर को स्मृति समारोह के शुभारंभ के अवसर पर विधायक जांजगीर-चांपा ब्यास कश्यप, विधायक अकलतरा राघवेन्द्र कुमार सिंह, पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री नारायण चंदेल, पूर्व संसदीय सचिव अंबेश जांगड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यलता मिरी, बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल के सुपुत्र विजय प्रताप सिंह व सुपुत्री श्रीमती रत्नावली सिंह, कलेक्टर जन्मेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने बैरिस्टर ठाकुर




कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते अतिथि।

छेदीलाल की प्रतिमा में दीप प्रज्वलन कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान विधायक, कलेक्टर सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का निरीक्षण किया। समारोह में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार, शहीद परिवार के परिजनों एवं बैरिस्टर ठा. छेदीलाल के परिवारजनों को सम्मानित किया गया। इसके साथ विभिन्न विधाओं में प्रतिभा के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों, खिलाड़ियों, किसानों और नागरिकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विधायक जांजगीर-चांपा ब्यास कश्यप ने कहा कि जांजगीर-चांपा जिला बनने के बाद जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला और बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल स्मृति समारोह का यह आयोजन सबसे महत्वपूर्ण रहे हैं। इस समारोह ने जिले को पहचान दिलाई है। उन्होंने बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल को नमन करते श्रद्धांजलि दी एवं उनके योगदान को स्मरण किया। वे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, समाज सेवक, राष्ट्र सेवक थे, उन्होंने हर वर्ग की बेहतरी के लिए कार्य किया है। विधायक अकलतरा राघवेंद्र कुमार सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि बैरिस्टर साहब ने समाज के सभी वर्गों को लोगों को उनका अधिकार दिलाया। उन्होंने बहुत से सामाजिक सुधार और समानता के प्रयासों के कार्य किए है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यलता आनंद मिरी ने कहा कि बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल हमारे जांजगीर के गौरव हैं। उनका योगदान केवल हमारे क्षेत्र तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे देश के स्वतंत्रता आंदोलन और संविधान निर्माण में अद्वितीय रहा है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल स्मृति समारोह के माध्यम से उन महापुरुषों को स्मरण कर सकें, जिन्होंने आज़ादी की लड़ाई में अपना सर्वस्व भारत माता के चरणों में समर्पित कर दिया। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और महापुरुष भले ही शारीरिक रूप से हमारे बीच न रहें, लेकिन उनके विचार और उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग हमेशा समाज और देश के भीतर जीवित रहते हैं। पूर्व संसदीय सचिव अंबेश जांगड़े ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल का योगदान अविस्मरणीय रहा। कार्यक्रम को कलेक्टर जन्मेजय महोबे, बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल के सुपुत्र विजय प्रताप सिंह ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल के सुपुत्री रत्नावली सिंह, जिला पंचायत सदस्य राजकुमार साहू, गुलाब सिंह चंदेल, दिनेश शर्मा, देवेश सिंह, परस शर्मा, रवि सिसोदिया, नवागढ़ जनपद अध्यक्ष श्रीमती कान्ता मोहन कश्यप, जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर संदीप ठाकुर सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं नागरिक गण उपस्थित थे।



## खाद की कालाबाजारी बंद करने एवं बिजली कटौती को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

भारतीय किसान संघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के तहसील अध्यक्ष मुकेश कुमार की अगुवाई में तहसीलदार मालखरौदा को 9 प्रमुख मांगों एवं समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा।

- भारतीय किसान संघ ने धान खरीदी 1 नवंबर से प्रारंभ करने की मांग

ज्ञापन में उन्होंने मांग किया है कि खाद की कालाबाजारी बंद हो तथा सहकारी समितियां में खाद भंडारण सुनिश्चित हो बिजली कटौती पूर्णता बंद हो तथा घरेलू बिजली पर पुनः हाफ़ बिजली बिल योजना लागू की जाए प्रदेश में सिंचाई रकबा बढ़ाया जाए तथा नहरों का पानी अंतिम गांव तक पहुंचे। ऐसी व्यवस्था हो पिछली सरकार का न्याय योजना की बकाया चौथी किस्त की राशि का दिवाली से पूर्व भुगतान हो हो राज्य सरकार द्वारा 3100 क्विंटल में धान खरीदा जा रहा है ,जबकि केंद्र सरकार द्वारा 186 रुपए का बढ़ोतरी किया जा रहे हैं। ऐसे में 3286 में इस बार खरीदा जाए तो धान खरीदी एक नवंबर से प्रारंभ किया जाए। दलहन तिलहन सूरजमुखी पर 20000 का अनुदान दिया जाए। कृषक उन्नति योजना में गन्ना फसल को जोड़ा जाए। जैविक खेती में जो अनुदान भारत सरकार द्वारा देती है उसे छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किसानों को दिया जाए। धान खरीदी केंन्द्रों में प्रतिबोरी 40 किलो 400 किलोग्राम से अधिक नहीं लिया जाए। इसका बैनर सभी खरीदी केन्द्रो में लगाकर प्रदर्शित किया जाए। ज्ञापन सौंपने वाले में सूरज लहरे, अरुण महिलागे ,मनहरण कमलेश के अलावा बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

## शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे



**बाराद्वार।** नाबालिक लडकी को प्यार करने व शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला बाराद्वार थाना क्षेत्र के ग्राम सरहर का है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी द्वारा नाबालिक लड़की को प्यार का झांसा देकर लगातार शारीरिक संबंध बनाता रहा। 31 जुलाई की रात्रि में प्रदीप केंवट उसके घर पहुंचा उसें अपने साथ रायपुर ले जाकर शादी करके पत्नी बनाकर रखने की बात कहते हुए उसके साथ दुष्कर्म किया। इससे नाबालिग गर्भवती हो गई। पीड़िता ने बाराद्वार थाना पहुंचकर इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने रामपुर कोरबा से प्रदीप केंवट पिता स्व. सुशील केंवट उम्र 26 साल निवासी सरहर को गिरफ्तार किया। वहीं पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार करने पर 18 सितंबर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर संबंधित न्यायालय पेश किया गया है इस कार्रवाई में निरीक्षक प्रवीण राजपूत, सहायक उपनिरीक्षक यशवंत राठौर, महिला प्रधान आरक्षक श्यामा जायसवाल, आरक्षक सरिता हरवंश, तकेश्वर कटकवार, रतन विश्वकर्मा, रामाधार रात्रे का सराहनीय योगदान रहा।

# जुए के फड़ पर पुलिस ने दी दबिश नगद के साथ सात आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

जुए के फड़ पर पुलिस ने दबिश देते हुए सात जुआरियों को पकड़ा है। वहीं उनके कब्जे से 38 सौ रुपए अधिक

- सक्ती थाना क्षेत्र के ग्राम भेड़पाली का मामला

नगदी रकम एवं दो मोटरसाइकिल को भी बरामद किया है। आरोपियों के खिलाफ जुआ प्रतिशेषध अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

ग्राम भेड़ापाली में रोड किनारे कुछ जुआड़ी तासपत्ती से रूपये पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे है। मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर गुरुवार 18 सितंबर को पुलिस ने रेड कार्यवाही कर जुए के फड़ पर दबिश दी। इस दौरान पुलिस को देखकर कुछ जुआरी भाग गये तथा मौके पर राजेश कुमार यादव पिता रामनाथ उम्र 38 साल साकिन भेडापाली, मनहरण सिदार पिता स्व इतवार सिंह उम्र 40 साल साकिन भेडापाली, प्रेम सिंह



पुलिस के साथ गिरफ्तार आरोपी व जब्त नगदी रकम व मोबाइल।

सिदार पिता सुरूती सिदार उम्र 20 साल साकिन अंजेरीपाली, ठाकुर सिंह सिदार पिता मिट्टू लाल उम्र 35 साल साकिन पुजेरीपाली, फुलचंद पटेल पिता मनीराम उम्र 30 साल साकिन सकरेलीकला, महेन्द्र पटेल पिता स्व खेदू राम उम्र 33 साल साकिन सरवानी, दिलहरण पटेल पिता स्व. फिरतु राम उम्र 35 साल सरवानी को जुआ खेलते रंगे हाथ पकड़ा। उनके कब्जे से 3880 रुपए नगद व विभिन्न कंपनी के मोबाईल जब्त किया गया। आरोपीगण का कृत्य धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 का घटित करना पाये जाने से गिरफ़्तारी कर विधिवत वैधानिक कार्यवाही किया गया है। इस कार्यवाही में निरीक्षक लखन लाल पटेल थाना प्रभारी सक्ती के नेतृत्व में सहायक उपनिरीक्षक रामकुमार, आरक्षक श्याम गबेल, महासिंह सिदार, यादराम चंद्रा, शैलेन्द्र देवांगन व प्रमोद खाखा का योगदान रहा।

### जल आवर्धन योजना के शेष बचे कार्यों के लिए निकाली गई निविदा
### विधायक राघवेंद्र कुमार ने विधानसभा में उठाया था मामला

**अकलतरा।** विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह के द्वारा विधानसभा में नगर के 2022 से बंद पड़े जल आवर्धन योजना का मुद्दा उठाने के बाद नगरीय निकाय मंत्रालय के द्वारा नगर में जल आवर्धन योजना के शेष कार्यों के लिए निविदा आमंत्रित किए जाने से नगर वासियों के इस बहु प्रतीक्षित मांग के पूरा होने की उम्मीद फिर से जाग गई है। नगर के में पेयजल आपूर्ति की भीषण समस्या को देखते हुए पूर्व में रमन सिंह की सरकार के द्वारा सन 2017-18 में जल आवर्धन योजना के अंतर्गत 27 करोड रुपए की राशि स्वीकृत की गई थी। 2019-20 में कार्य प्रारंभ किया गया था एवं जून 2021 तक कार्य पूर्णता की निर्धारित तिथि थी लेकिन ठेकेदार एवं तात्कालिक नगर पालिका के अधिकारियों के गैर जिम्मेदाराना हरकत के चलते यह योजना ठंडे बस्ते में चली गई। ठेकेदार के द्वारा 55% कार्य आधा अधूरा करने के बाद 11 करोड़ की राशि निकालकर 2022 में कार्य पूर्ण रूप से बंद कर दिया गया था। विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह के द्वारा जुलाई 2024 में विधानसभा में जल आवर्धन के मुद्दे को उठाए जाने के बाद नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव के द्वारा पूर्व ठेका कंपनी मेंसर्स मल्टीअर्बन इंफ्रा सर्विस प्राइवेट लिमिटेड नागपुर पर कार्रवाई करते हुए कंपनी के अमानत राशि जब्त कर कंपनी को ब्लैक लिस्टेड करते हुए 2 साल तक इसके कार्य पर प्रतिबंध लगाया गया एवं शेष बचे कार्यों के कुल राशि का 10% पेनल्टी के रूप में लगाया गया। 12 सितंबर को नगरीय निकाय विभाग के द्वारा अकलतरा में जल आवर्धन योजना के शेष बचे 45% कार्यों के लिए एक बार फिर से निविदा जारी की गई है जिससे नगरवासियो में पेयजल की समस्या से निजात पाने की आस फिर जागृत हो गई है।



## शिक्षकों की सहयोग राशि से बने शेड का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

बलौदा विकास खंड के बालक प्राथमिक/ पूर्व माध्यमिक शाला सिवनी में शिक्षकों के सहयोग से निर्मित शेड का उद्घाटन ग्राम के जनप्रतिनिधियों के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मा सरस्वती की पूजन पश्चाद् फीता काटकर किया गया।

इस विद्यालय के पूर्व प्रधान पाठक संजय अवस्थी जब सेवानिवृत हुए तो उन्होंने 21 हजार का दान स्कूल के लिए किए थे, जिसमें शिक्षक अशोक तिवारी ,यशवंत देवांगन,और घनश्याम शुक्ल ने सहयोग करके बच्चों के लिए शेड का निर्माण कराए ताकि दोनों स्कूलों के बच्चों को एक साथ बैठकर कोई भी कार्यक्रम कराया जा सके। इस अवसर पर उपस्थित जनपद सदस्य एवं सभापति चूड़ामणि राठौर ने इन दान करने वाले शिक्षकों को नमन करते हुए कहा कि यह स्कूल के प्रति इनके प्रेम का परिणाम है। उन्होंने शेष बचे खुले स्थान को अपनी ओर से टिन से छाजन



कराने की घोषणा किए। जिला पंचायत प्रतिनिधि राजेंद्र राठौर ने अपनी ओर से स्कूल को हर संभव मदद करने को कहा। सरपंच कृष्ण कुमारी शिव सिंह ने शिक्षकों के इस कार्य की प्रशंसा किए। राजीव गांधी शिक्षा मिशन के जिला एपी सी हेमलता शर्मा ने अशोक तिवारी और अवस्थी सहित इन शिक्षकों के कार्यों की प्रशंसा करते हुए अनुकरणीय बताया। इस अवसर पर प्रधान पाठक राजू देवांगन ने दो नग स्टैंड पंखा अपनी ओर से दान में दिए। कार्यक्रम का संचालन नरेश देवांगन ने तथा आभार राजू देवांगन ने व्यक्त किया।

## संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

बिलासपुर में आयोजित संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में शासकीय डीडीएस विद्यालय बिर्रा

- एथलेटिक्स, लंबी कूद, कबड्डी, खो-खो प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

के छात्र छात्रा ने खेलकूद प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन किया। साथ ही सभी खेल में अपना वर्चस्व कायम रखा।

शिक्षा विभाग ने 2025 के लिए खेल कैलेंडर जारी किया है। इसी के तहत विकास खंड बम्हनीडीह के अंतर्गत शासकीय डीडीएस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा के छात्र छात्रा ने बिलासपुर संभाग स्तरीय



अतिथि के साथ उपस्थित विजेता खिलाड़ी।

खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें विभिन्न खेल किक्रेट, कबड्डी, एथलेटिक्स 100 मीटर दौड़, 800 मीटर दौड़, लंबी कूद के अलावा विभिन्न प्रतियोगिता में अपना खेल का जौहर दिखाया। 100 मीटर दौड़ में नमनकुमार कश्यप ने द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं 800 मीटर में योगेश कश्यप ने चौथा स्थान प्राप्त किया। साथ ही लंबी कूद नमनकुमार कश्यप ने तीसरा स्थान बरकरार रखा है। कबड्डी संभाग स्तरीय में ख्याति कंवर, रागिनी मांझी साथी ने मिलकर बेहतर खेलकूद का प्रर्दशन किया। वहीं खो-खो में आकांक्षा केंवट, यामिनी पटेल, सागर मांझी, टिकेश्वर ने खेल में अपना जौहर दिखाया और विरोधी टीम को बेहतर प्रदर्शन करते हुए शिकस्त दी। संभाग स्तरीय किक्रेट में जयंत यादव ने शानदार प्रदर्शन किया। जिला स्तर खो-खो में विजय केंवट, दिव्या टण्डन, वहीं कबड्डी में सुमन्त साहू, नारायण, मनीष कश्यप, योगेश ने शानदार प्रदर्शन कर कब्जा जमाए रखा। कबड्डी बालिका दिव्या मनहर, रामेश्वरी पटेल, निर्मला मांझी दुर्गा सहीस, दुर्गेश्वरी, हेमलता ने अच्छा प्रदर्शन किया। एथलेटिक्स में साहिल यादव, आशीष कुर्रे, अश्वनी, गजेन्द्र, तूफान कुर्रे, विजय कश्यप ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया।

# मदरसे को सरकारी जमीन आबंटित करने के विरोध में बंद रहा नगर

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

धार्मिक एवं व्यापारिक केंद्र शिवरीनारायण में मुस्लिम जमात द्वारा मदरसा निर्माण हेतु भूमि की मांग को लेकर विवाद गहराता जा

- तहसील कार्यालय परिसर में बैठे धरने पर, सौंपा ज्ञापन

रहा है। इसी संदर्भ में नागरिकों और व्यापारियों ने गुरुवार को नगर बंद कर विरोध दर्ज कराया। तहसीलदार को ज्ञापन भी सौंपा।

सर्व हिन्दू समाज के आह्वान के बाद गुरुवार 18 सितंबर को नगर के छोटे-बड़े सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान पूर्ण रूप से बंद रहे। व्यापारियों और नागरिकों की इस एकजुटता ने नगर बंद को पूरी तरह सफल बनाया। ज्ञापन सौंपने के पश्चात बड़ी संख्या में नागरिक व व्यापारी तहसील



बंद दुकानें एवं तहसील कार्यालय में विरोध प्रदर्शन करते सर्व समाज के लोग।

कार्यालय परिसर में शांतिपूर्वक धरने पर बैठ गए। गौरतलब है कि जिस सरकारी भूमि की मांग मदरसा निर्माण के लिए की जा रही है, वह नगर पंचायत द्वारा पूर्व में विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं के लिए चिन्हांकित की गई है। नागरिकों का कहना है कि इस भूमि का आवंटन विकास कार्यों के लिए होना चाहिए। विरोध प्रदर्शन के दौरान नगरवासी, व्यापारी और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में चेतावनी दी कि यदि शासन ने शीघ्र निर्णय नहीं लिया तो यह विरोध आंदोलन का रूप ले सकता है। अंततः तहसीलदार ने नागरिकों की आपत्ति पर संज्ञान लेते हुए लिखित में उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद विरोध प्रदर्शन शांतिपूर्वक समाप्त हुआ। इस मौके पर नगर के जनप्रतिनिधि, व्यापारीगण और आम नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



